राज्यपाल सचिवालय
लोकभवन, राजस्थान

# भारतीय पुलिस सेवा में नव पदोन्नत अधिकारियों ने की राज्यपाल से मुलाकात

जयपुर, 20 जुलाई। राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे से सोमवार को लोकभवन में राजस्थान पुलिस सेवा से भारतीय पुलिस सेवा में नव पदोन्नत हुए राजस्थान के अधिकारियों ने मुलाकात की।

राज्यपाल से उनकी यह शिष्टाचार भेंट थी। राज्यपाल श्री बागडे ने उन्हें बधाई और शुभकामनाएं देते हुए आम जन के लिए सेवा और समर्पण भाव के साथ ईमानदारी से कार्य करने का आह्वान किया।

\-\-\-\-\-\-



